अमृत विचार

सुविचार

बहुत कम लोग साल में दो या तीन बार से ज्यादा सोचते हैं। मैंने हफ्ते में एक या दो बार सोचकर अंतरराष्ट्रीय ख्याति अर्जित की है।



-जॉर्ज बर्नार्ड शॉ

लखनऊ के प्रमुख समाचार

- चाय पी रहे युवक को फार्च्युनर ने रौंदा II
- इतिहास ने वाजिद अली शाह को पहचानने में भूल की III
- असम और तमिलनाडु ने किया धमाकेदार आगाज IV

शहर में आज

- कैसरबाग में गांधी भवन प्रेक्षाग्रह में श्री भट्ट ब्राह्मण सभा की ओर से मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन दोपहर 2 :00 बजे से।
- वीरांगना अवंती बाई महिला चिकित्सालय से विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा करेंगे पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत 9 :45 बजे ।
- संजय गांधी पीजीआई संस्थान के श्रुति प्रेक्षागृह में संस्थान के स्थापना के 42 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर स्थापना दिवस समारोह का आयोजन 11 :00 बजे।

दो दिन में तैयार हो जाएंगे 40 अस्थाई शेल्टर होम, काम शुरू

नगर निगम के शेल्टर होम जरूरतमंदों को देंगे ठंड से राहत

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- 15 से शेल्टर होम में गरीब मजदूर, असहाय और निराश्रित गुजार सकेंगे नि:शुल्क रात
- परिवर्तन चौक, 1090 चौराहा, शनि मंदिर, गोमती नगर सहित प्रमुख चौराहों के आस-पास बन रहे शेल्टर होम

अमृत विचार : जरूरतमंदों को ठंड से राहत दिलाने के लिए नगर निगम के 40 अस्थाई शेल्टर होम दो दिन में तैयार हो जाएंगे। नगर निगम ने शेल्टर होम बनाने शुरू कर दिए हैं। परिवर्तन चौक, 1090 चौराहा, तेलीबाग शनि मंदिर, गोमती नगर, सहित शहर के विभिन्न चौराहों के आस-पास नगर निगम शेल्टर होम बना रहा है।

इन शेल्टर होम में गरीब मजदूर, असहाय और निराश्रित लोग निःशुल्क रात गुजार सकेंगे। शेल्टर होम में बेड, गद्दे, कंबल, पेयजल और आस-पास शौचालय की व्यवस्था रहेगी। 15 दिसंबर तक सभी शेल्टर होम लोगों के लिए शुरू हो जाएंगे।

ओस और हवा का नहीं होगा असर

नगर निगम के खुले में बन रहे इन शेल्टर होम में ओस और हवा का असर नहीं होगा। छत से लेकर शेल्टर होम चारों ओर से कवर रहेगा, जिससे हवा अंदर न जा सके। इसमें केवल एक ही प्रवेश द्वार रहेगा। शीत लहर और अत्यधिक ठंड के समय शेल्टर होम के बाहर अलाव भी जलाए जाएंगे। नगर निगम का मार्ग प्रकाश विभाग इन शेल्टर होम लाइटिंग और ठंड से बचाव के लिए हीटर और ब्लोवर लगा रहा है।

परिवर्तन चौक, 1090 चौराहा और गोमती नगर के कई स्थानों पर शेल्टर होम बनाए जा रहे हैं। 15 दिसंबर तक ये जरूरतमंद लोगों के लिए खुल जाएंगे। इनमें कोई भी व्यक्ति निशुल्क रात गुजार सकता है।

-अतुल मिश्रा, नगर अभियंता जोन 4, लखनऊ नगर निगम

परिवर्तन चौक में बनाया गया रैन बसेरा। अमृत विचार

सिटी ब्रीफ

राष्ट्रीय लोक अदालत में 348730 वाद निस्तारित वसूले 51.16 करोड़

अमृत विचार, लखनऊ : राजधानी में शनिवार को प्रशासनिक न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान ने सुबह 10 :30 बजे पुराना उच्च न्यायालय में दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ किया। जिसमें 348730 वादों का निस्तारण करके 51,16,33,349 रुपये वसूल किए। इस अवसर पर वादकारियों के स्वास्थ्य के लिए न्यायालय परिसर में आयोजित मेगा हेल्थ कैम्प एवं रक्तदान शिविर का प्रशासनिक न्यायमूर्ति ने फीता काटकर शुरुआत की। उन्होंने अधिक से अधिक वाद सुलह समझौते के आधार पर लोक अदालत में निस्तारित किये जाने का आवाहन किया।

इंटरलॉकिंग सड़क, नाली व पार्क पाथवे निर्माण कार्य का शिलान्यास

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर द्वितीय वार्ड के पार्षद रामनरेश रावत ने शनिवार को रामनगर कॉलोनी और विष्णु लोक कॉलोनी में इंटरलॉकिंग सड़क, नाली एवं पार्क पाथवे निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। पार्षद ने बताया कि यह शिलान्यास महापौर सुषमा खर्कवाल और विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के आशीर्वाद से किया गया। उन्होंने बताया कि रामनगर कॉलोनी में एमएल एजुकेशनल एकेडमी नहर से इस्लाम अली के घर होते हुए हर्षित सिंह के घर तक लगभग 180 मीटर लंबी और 4 मीटर चौड़ी इंटरलॉकिंग सड़क तथा नाली का निर्माण कराया जाएगा।

जाम अस्पताल तक नहीं पहुंचने देता एंबुलेंस

बलरामपुर डफरिन अस्पताल, केजीएमयू, ट्रामा सेंटर, लॉरी कार्डियॉलोजी के बाहर दिनभर यातायात अराजकता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : यूं तो शायद ही राजधानी का कोई प्रमुख मार्ग या चौराहा ऐसा हो जहां जाम और यातायात अराजकता देखने को न मिले। लेकिन जरा सोचिए जब अस्पतालों के बाहर जाम लगा हो और उसमें गंभीर मरीजों को लेकर आ रही एंबुलेंस फंसी हो यातायात व्यवस्था पर सवाल उठना लाजिमी है। बात बलरामपुर अस्पताल, केजीएमयू, ट्रामा सेंटर, लॉरी कार्डियॉलोजी के बाहर सवारी लेने की होड़ में ई-रिक्शा की मनमानी और अतिक्रमण से रोज लंबी दूरी तक वाला जाम की है जिसमें सायरन बजाती एंबुलेंस रोज ही रास्ता मांगती दिखती हैं। चाहे वह प्रसव पीड़ा से जूझ रही प्रसूताएं हों या फिर ट्रामा सेंटर और लॉरी कार्डियोलॉजी के बाहर गंभीर मरीजों को लेकर जाम में फंसी एंबुलेंस।

- केजीएमयू के बाहर मनबढ़ ई-रिक्शा

बलरामपुर चिकित्सालय के समक्ष लगा जाम। अमृत विचार

बलरामपुर- डफरिन अस्पताल के बाहर

दृश्य 1 यहां जाम का नजारा आम है। बलरामपुर अस्पताल के मुख्य द्वार के सामने से ही रोडवेज बसों की आवाजाही जारी है। अस्पताल के मुख्य गेट को ढके ई-रिक्शा सवार बीच में ही आड़े-तिरछे खड़े हैं। टैंपो चालक भी सवारी ढूंढ रहे हैं। महिला अस्पताल डफरिन अस्पताल की ओर जाने वाले मार्ग पर ई-रिक्शा की मनमानी जारी है। पीछे से आ रही एंबुलेंस इसी अराजकता के बीच फंसी हुई है। एंबुलेंस चालक के सायरन पर भी ई-रिक्शा चालक सुनने को तैयार नहीं है। इसमें एक महिला मरीज प्रसव पीड़ा से त्रस्त डफरिन अस्पताल पहुंचना चाहती है लेकिन कोई भी इनकी मनमानी पर अंकुश लगाने वाला नहीं है। डफरिन अस्पताल की ओर जाने वाली सड़क पर अवैध पार्किंग और फुटपाथों पर कब्जों की वजह से सुबह से ही वाहनों का दबाव बना रहता है। ई-रिक्शा और छोटे वाहनों की भीड़ के बीच गर्भवती महिलाओं को अस्पताल पहुंचने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है।

केजीएमयू के ट्रामा सेन्टर के समक्ष रोड पर खड़े वाहनों के बीच फंसी एंबुलेंस।

केजीएमयू और ट्रॉमा सेंटर

दृश्य 2 केजीएमयू चौराहे पर ई-रिक्शा चालकों की मनमानी इस कदर है कि केजीएमयू मेन गेट के बाहर ही दूर तक ई-रिक्शा खड़ा कर सवारी लेने के लिए हांका लगा रहे हैं। तस्वीर इन ई-रिक्शा चालकों की हिम्मत को बयां करती नजर आ रही हैं। सरकार के जिम्मेदारों ने जाम से निजात दिलाने के लिए लगे फव्वारे के इर्द-गिर्द गोल चौराहे के मार्ग को ''छोटा'' किया गया। लेकिन ई-रिक्शा, टेंपो चालकों और अस्थायी अतिक्रमण करने वाले ठेलों पर चल रही दुकानों और उसके बाहर खडे.वाहनों ने समस्या को 'बड़ा' ही बनाए रखा। चौक चौराहे से ट्रॉमा सेंटर तक दोनों ओर ठेले, खोमचे, निजी एंबुलेंस, ई-रिक्शा और टेंपो खड़े और चायपान करने वालों के वाहनों से यहां दिनभर जाम रहता है। गंभीर मरीज को लेकर ट्रामा आ रही एंबुलेंस कई मिनट तक इसी जाम में फंसी रहती हैं। ट्रॉमा गेट, शताब्दी अस्पताल, साइकियाट्रिक विभाग, लारी कार्डियोलॉजी विभाग के बाहर तक मरीजों की आवाजाही मुश्किल रहती है।

ई-रिक्शे से ले गए शव, तमाशबीन खड़े रहे सुरक्षागार्ड और कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बेहोश होने पर लारी कॉर्डियोलॉजी लाया गया था युवक, डॉक्टरों ने किया मृत घोषित

अमृत विचार : सीतापुर रोड स्थित नवीन गल्ला मंडी में काम करते समय घबराहट के बाद बेहोश हुआ युवक, केजीएमयू के लारी कॉर्डियोलॉजी की इमरजेंसी में मृत घोषित कर दिया गया। परिजन शव को ई-रिक्शे से लेकर घर चले गए। पास में लारी में तैनात सुरक्षागार्ड और अन्य कर्मचारी तमाशबीन बने रहे। किसी ने पीड़ित परिवार को शव वाहन मुहैया कराने की जहमत नहीं उठाई। मामले का एक वीडियो भी वायरल हुआ है।

फैजुल्लागंज के दाऊदनगर का रहना वाला विनोद कश्यप (30) सीतापुर रोड स्थित नवीन गल्ला मंडी में पल्लेदारी का काम करता था। मां मायावती ने बताया कि वह घरों में काम करती है। शनिवार सुबह वह काम पर जा रही थी। तभी मंडी के पास वह विनोद को कॉल कर मिली थी। विनोद ने उसे 500 रुपये भी दिया था। तब तक उसे कोई परेशानी नहीं लग रही थी। विनोद के साथियों के मुताबिक

ई-रिक्शे में शव रखते हुए परिजन।

विनोद को बेचैनी होने पर वह जमीन पर बैठ गया था। थोड़ी देर बाद अचेत हो गया। ई-रिक्शे से उसे पास के निजी अस्पताल ले जाया गया। यहां इमरजेंसी में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह का कहना है कि जांच कराई जाएगी, जो भी कर्मचारी दोषी होगा उसके विरुद्ध कार्रवाई होगी।

ट्रॉमा में तीमारदारों के लिए खोला रैंप एरिया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- केजीएमयू प्रशासन ने की अस्थायी रैन बसेरे की व्यवस्था

अमृत विचार : केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर में इलाज के लिए प्रदेश भर से गंभीर मरीज लाए जा रहे हैं। 400 बेड वाले ट्रॉमा सेंटर में ज्यादातर बेड हमेशा भरे रहते हैं और रात में कई बार स्ट्रेचर पर भी मरीजों को भर्ती करना पड़ता है। प्रत्येक मरीज के साथ दो से चार तीमारदार मौजूद रहते हैं। ऐसे में लगातार बढ़ रही सर्दी के बीच तीमारदारों के ठहरने की समस्या गंभीर हो गई थी।

निर्माण कार्य के चलते ट्रॉमा सेंटर के सामने बना अस्थायी रैन बसेरा तोड़ दिया गया, जिससे तीमारदारों को रात खुले में गुजारनी पड़ रही थी। इस स्थिति को देखते हुए ट्रॉमा सेंटर प्रशासन ने तीमारदारों को ठंड से बचाने के लिए नए रैंप वाले हिस्से को खोल दिया है, ताकि वे वहां सुरक्षित रूप से रात बिता सकें।

ट्रॉमा सेंटर के सीएमएस डॉ. प्रेमराज सिंह ने बताया कि परिसर में ही एक नया अस्थायी रैन बसेरा तैयार किया जा रहा है। साथ ही नगर निगम से अलाव की व्यवस्था कराने का अनुरोध भी किया गया है, जिससे ठंड से राहत मिल सके।

उन्होंने बताया कि सुरक्षा कर्मियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे रात में कम से कम तीन बार परिसर का निरीक्षण करें। यदि कोई तीमारदार बाहर या खुले आसमान के नीचे सोता पाया जाए तो उसे तुरंत नए रैंप भवन में शिफ्ट कराया जाए। सुरक्षा कर्मी रात नौ बजे, बारह बजे और सुबह तीन बजे नियमित रूप से ट्रॉमा परिसर का राउंड लेंगे, ताकि कोई भी तीमारदार ठंड की चपेट में न आए।

चार माह से वेतन लंबित कर्मचारियों में आक्रोश

अमृत विचार, लखनऊ : संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ, उत्तर प्रदेश ने एनएचएम कार्मिकों को पिछले चार माह से वेतन न मिलने और बजट जारी न होने पर चिंता जताई है। संगठन ने इस संबंध में अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को पत्र भेजकर शीघ्र समाधान की मांग की है। संघ के प्रदेश महामंत्री योगेश कुमार उपाध्याय ने बताया कि वेतन में देरी और बजट की अनिश्चितता से कर्मचारियों में असंतोष बढ़ रहा है और जन-स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। केंद्र सरकार के 09 दिसंबर 2025 के निर्देशों के बावजूद प्रदेश में समान कार्य करने वाले कर्मचारियों के बीच वेतन विसंगतियां बनी हुई हैं।

काकोरी में दो अवैध कालोनियों पर गरजा बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : अवैध निर्माण के खिलाफ दूसरी बड़ी कार्रवाई में शनिवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण का काकोरी में 500 बीघा से अधिक क्षेत्रफल में अवैध रूप से विकसित की जा रहीं बंधन सिटी व कनौजिया सिटी के खिलाफ बुलडोजर गरजा। 25 जेसीबी व 2 पोकलैंड की मदद से 11 घंटे तक चली कार्रवाई में कालोनी में विकसित अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। मौके पर एलडीए के अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि आगरा एक्सप्रेस-वे

ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान मौके पर अपर सचिव सहित अन्य अधिकारी।

पर 6,580 एकड़ क्षेत्रफल में वरूण विहार योजना विकसित की जा रही है। जिसके लिए काकोरी के 12 गांवों की भूमि किसानों से जुटायी जा रही है। इनमें कुछ जगहों पर निजी विकासकर्ताओं द्वारा अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य कराया जा रहा है। जिसके खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये थे। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में प्रवर्तन जोन-3 की टीम ने काकोरी के ग्राम-दोना, तेजकृष्ण खेड़ा और सकरा में अभियान चलाया। जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया

- 25 जेसीबी व 2 पुकलैंड मशीन से 11 घंटे तक चली कार्रवाई

कि ग्राम-दोना एवं तेजकृष्ण खेड़ा की लगभग 380 बीघा जमीन पर प्लाटिंग का कार्य करते हुए बंधन सिटी विकसित की जा रही थी। ग्राम-सकरा में लगभग 150 बीघा क्षेत्रफल में कनौजिया सिटी विकसित की जा रही थी। दोनों अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध विहित न्यायालय ने ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किये थे। सुबह 7 से शाम 6 बजे तक चली कार्रवाई में निजी विकासकर्ताओं द्वारा स्थल पर विकसित की गई सड़क, नाली, बाउंड्री, बिजली के खम्भे, साइट ऑफिसर ध्वस्त कर दिए।

रंगकर्मी श्याम को मिला राष्ट्रीय कलाश्री सम्मान

अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ के रंगकर्मी श्याम कुमार को नयी दिल्ली में डॉ. आम्बेडकर राष्ट्रीय कलाश्री सम्मान- 2025 से सम्मानित किया गया। 12 व 13 दिसम्बर को आयोजित दलित साहित्य और सम्मान समारोह में नाट्य अभिनेता, लेखक व निर्देशक, टीवी कलाकार श्याम कुमार को नाट्य विद्या के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. अम्बेडकर कलाश्री सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान डॉ. एसपी सुमनाक्षर तथा पूर्व केन्द्रीय मंत्री संघप्रिय गौतम ने प्रदान किया। इस अवसर पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री सत्य नारायण जटिया, दलित साहित्यकार प्रो. श्योराज सिंह बेचैन, प्रो. काली चरन स्नेहीं, नेपाल के योगाराज बीस्वाकर तथा दलित साहित्य अकादमी की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. लालती देवी उपस्थिति रहीं।

परेशानी महीने का दूसरा शनिवार होने से हाफ डे ओपीडी का संचालन, मरीजों को हुई दिक्कत

ओपीडी बंद हुई तो इमरजेंसी में उमड़ी मरीजों की भीड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : महीने के दूसरे शनिवार के कारण सरकारी अस्पतालों में ओपीडी का संचालन केवल हाफ डे हुआ। इससे मरीजों को परेशानी हुई और ओपीडी बंद होने पर वे सीधे इमरजेंसी पहुंचे। सिविल, लोकबंधु और बलरामपुर अस्पताल की इमरजेंसी में मरीजों की भीड़ लग गई, लेकिन डॉक्टरों ने किसी तरह स्थिति संभाली।

सामान्य दिनों में सरकारी अस्पतालों की ओपीडी दोपहर 2 बजे तक चलती है, लेकिन हाफ डे के चलते मरीजों का पंजीकरण केवल सुबह 11:30 बजे तक हुआ। अधिकांश मरीजों को इस बदलाव की जानकारी नहीं थी। ठंड के कारण वे घर से देरी से निकले। बलरामपुर अस्पताल में

सिविल अस्पताल की इमरजेंसी में मरीजों की भीड़।

सामान्य ओपीडी में 3,500 से 4,000 मरीज आते हैं। 12 बजे के बाद ओपीडी बंद होने से मरीज इमरजेंसी में पहुंचे।

सिविल अस्पताल के सीएमएस डॉ. डीसी पांडेय और बलरामपुर अस्पताल के सीएमएस डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी ने बताया कि गंभीर मरीजों का इलाज किया गया और अन्य मरीजों को दवा देकर घर भेजा गया। लोकबंधु और ठाकुरगंज संयुक्त अस्पताल की इमरजेंसी में भी भीड़ रही। ठाकुरगंज संयुक्त अस्पताल के सीएमएस डॉ. एसपी सिंह ने कहा कि इमरजेंसी में आने वाले सभी मरीजों को समय पर इलाज मिला।

सीएम ग्रिड सड़क निर्माण पर यातायात विभाग का अडंगा खत्म

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- नगर निगम को शाम 4 से सुबह 6 बजे तक काम करने की दी अनुमति
- ला मार्टिनियर गर्ल्स के सामने हो रही थी जाम की भीषण समस्या
- केडी सिंह के सामने खुदाई शुरू होते ही पुलिस ने रोका दिया था काम

अमृत विचार : सीएम ग्रिड योजना के सेकेंड फेज के तहत केडी सिंह बाबू स्टेडियम के पास महात्मा गांधी मार्ग से नेशनल कॉलेज तिराहे तक सड़क निर्माण पर यातायात विभाग का अडंगा अब खत्म हो गया है। यातायात विभाग ने नगर निगम को सड़क निर्माण के लिए शाम 4 से सुबह 6 बजे तक कार्य करने की अनुमति दे दी है।

दरअसल एक महीने पहले नगर निगम के ठेकेदार ने जैसे ही ला मार्टिनियर गर्ल्स कॉलेज के सामने स्टेडियम की ओर सड़क की खुदाई शुरू की तो यातायात की समस्या होने लगी। कॉलेज के सामने भीषण जाम लगने लगा, जिस पर पुलिस ने काम रुकवा दिया था। लगभग एक महीने तक काम प्रभावित रहा। अब यातायात विभाग ने नगर निगम को काम शुरू करने की अनुमति दे दी है। नगर निगम शाम 4 से सुबह 6 बजे तक काम कराएगा।

नगर निगम के मुख्य अभियंता महेश वर्मा ने बताया कि यातायात विभाग की अनुमति मिलने के बाद अब सड़क निर्माण तेजी से कराया जाएगा। कॉलेज में जल्द ही शीतकालीन अवकाश शुरू हो जाएगा, जिसके बाद काम और रफ्तार पकड़ेगा।

धैला पुल के आस-पास अतिक्रमण तत्काल हटाएं

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 दिसंबर को लखनऊ आगमन को देखते हुए नगर आयुक्त गौरव कुमार ने शनिवार को अटल बिहारी प्रेरणा स्थल एवं आस-पास निरीक्षण किया। बंधा रोड सहित आस-पास के प्लॉट की सफाई के निर्देश दिए। धैला पुल के साथ आवंतीबाई चौराहा एवं जॉगर्स पार्क के दोनों ओर किये गए अतिक्रमण तत्काल हटाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि 17 दिसंबर तक समस्त कार्य पूरे हो जाएं। नगर आयुक्त ने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर मोबाइल टॉयलेट, पेयजल के लिए पानी के टैंकर आदि की पर्याप्त व्यवस्था की जाए।

सिटी ब्रीफ

महिला का पार किया मंगलसूत्र

अमृत विचार, लखनऊ : ई-रिक्शे पर सवार महिला चोरों के गिरोह ने एक महिला का सोने का मंगलसूत्र चोरी कर लिया। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज ओमवीर सिंह चौहान ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। झब्बन की बगिया ठाकुरगंज निवासी मंजू त्रिपाठी 8 दिसंबर की दोपहर बालागंज चौराहे से साथी वंदना के साथ ई-रिक्शे से मालापुरम कॉलोनी जा रही थी। कुछ दूर चलने पर दो महिलाएं और एक लड़की भी ई-रिक्शे पर बैठ गयी। मौका देख आरोपी महिलाओं ने उनके गले से सोने का मंगलसूत्र पार कर दिया। मालापुरम कॉलोनी पर उतरकर मंजू जाने लगी तो देखा कि गले में मंगलसूत्र नहीं है। उन्होंने ठाकुरगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

कार का शीशा तोड़कर उड़ाए रुपये व सामान

अमृत विचार, लखनऊ : मोहनलालगंज स्थित दुर्गा माता मंदिर में विश्राम के लिए रुके महंत की कार का शीशा तोड़कर चोरों ने 50 हजार रुपये व अन्य सामान चोरी कर लिया। चार लोगों पर शक जताते हुए रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शाहजहांपुर जलालाबाद निवासी महंत दीपक पुरी महाराज उर्फ दीपू गोस्वामी 9 दिसंबर को कार से साथियों संग प्रयागराज जा रहे थे। शाम को मोहनलालगंज शीतलखेड़ा के पास दुर्गा माता मंदिर देख उन्होंने कार रूकवा ली। भोजन करने के बाद रात में वहीं पर विश्राम करने लगे। रात में कार का शीशा तोड़कर 50 हजार रुपये व बैग चोरी कर लिया। उन्होंने दीपक गुप्ता निवासी नगराम, दीपक द्विवेदी उर्फ पंडित निवासी मऊ मोहनलालगंज, कल्लू और शीतला प्रसाद निवासी शीतलाखेड़ा पर चोरी का आरोप लगाया है। महंत ने मोहनलालगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

पड़ोसियों ने वृद्धा को पीटा

अमृत विचार, पीजीआई : पीजीआई के साउथ सिटी स्थित पिपरौली इलाके में शुक्रवार शाम बच्चे द्वारा दरवाजे पर नमकीन का खाली पैकेट फेंकने को लेकर पड़ोसी भड़क गए। नाराज पड़ोसियों ने बच्चे की नानी और उनके बेटे पर हमला कर दिया। हमले में वृद्धा सुषमा के कई दांत टूट गए और उनका बेटा गंभीर रूप से घायल हुआ। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। साउथ सिटी निवासी नीरज साहू ने बताया कि उनके तीन वर्षीय बच्चे ने खाना खाने के बाद नमकीन का पैकेट बाहर फेंक दिया। इसी बात पर पड़ोसियों ने उनके और उनकी मां पर हमला कर दिया। मारपीट के दौरान सुषमा के दांत टूटकर सड़क पर गिर गए। घटना के बाद पीड़ित परिवार थाने पहुंचा, जहां सुषमा ने अपने टूटे हुए दांत दिखाते हुए आपबीती सुनाई। पीड़िता ने आरोप लगाया कि गंदगी को लेकर हंगामा करने वाले पड़ोसी खुद अक्सर कचरा फैलाते हैं। पुलिस ने रामशंकर और उनके बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

युवती की अश्लील वीडियो की वायरल

अमृत विचार, लखनऊ : आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से एक युवती की अश्लील फोटो और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किए जाने का मामला सामने आया है। मल्हौर इलाके की रहने वाली युवती परिजनों के साथ रहती है। उसने बताया कि रूपा राय नामक सहेली की इंस्टाग्राम आईडी से मैसेज आने के बाद बातचीत शुरू हुई, लेकिन फिर उसी आईडी से अश्लील मैसेज और वीडियो भेजे जाने लगे। विरोध करने पर पीड़िता की फोटो डाउनलोड कर एआई की मदद से अश्लील वीडियो बनाकर भेजे गए। पीड़िता का आरोप है कि वीडियो सोशल मीडिया पर भी सार्वजनिक कर दिए गए। कॉल करने पर फर्जी आईडी का बहाना बनाया गया। पहले की शिकायत पर कार्रवाई न होने के बाद कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

प्रेमिका को गोली मारने वाले की तलाश में दबिशें

अमृत विचार, लखनऊ : पारा में गुरुवार देर रात घर में घुसकर स्टेज डांसर को गोली मारने वाले आरोपी प्रेमी आकाश कश्यप का पुलिस 48 घंटों बाद भी सुराग नहीं लगा सकी है। आरोपियों के परिजन से पूछताछ करने के बाद पुलिस करीबियों व रिश्तेदारों के घर पर दबिशें दे रही है। पुलिस की तीन टीमें उन्नाव, हरदोई व बाराबंकी में डेरा डाले हुए है। लोकबंधु अस्पताल में भर्ती स्टेज डांसर की हालत बेहतर होने पर डॉक्टरों ने छुट्टी दे दी है। इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि आरोपी आकाश की तलाश में पुलिस की तीन टीमें दबिश दे रही हैं।

कॉल सेंटर में आग, चौथी मंजिल पर फंसे 13 छात्रों को निकाला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आग से कॉल सेंटर में रखा लाखों का सामान जला
- करीब डेढ़ घंटे की मदद से पाया आग पर काबू
- अशोक मार्ग स्थित टीएस टावर की तीसरी मंजिल की घटना

अमृत विचार: हजरतगंज के अशोक मार्ग स्थित टीएस टॉवर के तीसरे तल पर संचालित कॉल सेंटर में शनिवार सुबह आग लग गई। कुछ ही मिनटों में आग तेजी से फैल गयी। ऑफिस कर्मियों ने आग की सूचना दमकल को दी। टॉवर की चौथी मंजिल पर हॉस्टल भी है, जिसमें कुछ छात्र भी रहते हैं। तीसरी मंजिल पर आग लगने से हॉस्टल में भी चीख पुकार मच गई। सूचना पर फायर स्टेशन से दो गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। दमकल कर्मियों ने कॉल सेंटर व हॉस्टल में मौजूद बच्चों को सीढ़ियों से बाहर निकाला। करीब डेढ़ घंटे में आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक ऑफिस में रखा लगभग सभी सामान जल कर राख हो गया। आग की वजह इलेक्ट्रिक शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है।

एफएसओ हजरतगंज राम कुमार रावत ने बताया कि टीएस टॉवर में तीसरा सौरभ अग्रवाल ने हाल ही में खरीदा है। जिसमें डालीगंज निवासी किराएदार मोहम्मद तौफीक क्रेडिट कार्ड कॉल सेंटर चलाते हैं। शनिवार सुबह करीब 9:25 बजे ऑफिस में आग लग गई। कुछ ही देर में आग ऑफिस में रखे कंप्यूटर व अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों तक पहुंच गई। ऑफिस कर्मियों ने आग

हजरतगंज के अशोक मार्ग स्थित टीएस टॉवर में लगी आग बुझाने में जुटे दमकलकर्मी।

बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग लगातार विकराल रूप लेती जा रही थी।

पूरी बिल्डिंग में धुआं भर गया था और चौथी मंजिल पर बने हास्टल में रहने वाले 13 छात्र भी धुएं के चलते नीचे नहीं उतर पा रहे थे। आग की लपटें ऑफिस के बाहर निकलने लगीं, काले धुएं का गुबार देख आस-पास अफरा-तफरी का माहौल हो गया। दमकल कर्मियों ने टॉवर में घुसने का प्रयास किया, लेकिन अंदर दम घोंटू धुआं भरा हुआ था। इस पर फायर कर्मी बीए सेट और मास्क पहन कर ऑफिस कर्मी अंदर पहुंचे। उन्होंने ऑफिस की खिड़कियों में लगे शीशे तोड़ दिए। स्मोक एग्जास्टर लगाकर धुआं निकाला।

होज पाइप के जरिए बिल्डिंग के तीसरे तल पर पानी पहुंचाया। करीब डेढ़ घंटे मशक्कत के बाद फायर कर्मियों ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक ऑफिस में रखे कंप्यूटर, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और फर्नीचर जलकर राख हो गया। एफएसओ के मुताबिक आग की चपेट में आकर लाखों रुपये का नुकसान हो गया है। उन्होंने बताया कि टॉवर में कई अन्य कार्यालय भी थे अगर फायर टीम समय पर नहीं पहुंचती तो घटना और बड़ी हो जाती।

ग्रीन बेल्ट में अज्ञात लोगों ने लगाई आग, दी तहरीर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: मड़ियांव के भिठौली क्रासिंग के पास सेक्टर-9 स्थित ग्रीन बेल्ट में अज्ञात लोगों ने आग लगा दी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आग की लपटें व धुएं का गुबार फैल गया। धुएं के कारण वहां से गुजर रहे राहगीरों और आसपास रहने वाले लोगों को सांस लेने में दिक्कत होने लगी। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने बताया कि दो गाड़ियों की मदद से करीब 50 मिनट में आग पर काबू पाया।

सीएफओ अंकुश मित्तल ने बताया कि समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं पाया जाता तो आसपास के पेड़-पौधों और रिहायशी इलाके तक फैल सकती थी। आग की वजह से ग्रीन बेल्ट में लगे पौधों और घास को नुकसान पहुंचा है। घटना के बाद मौके पर नगर निगम की टीम भी पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। लखनऊ स्वच्छता अभियान के वार्ड सुपरवाइजर बबन कुमार ने थाने में तहरीर देकर अज्ञात लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि जानबूझकर ग्रीन बेल्ट में आग लगाना न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि इससे स्वच्छ वातावरण को भी गंभीर नुकसान पहुंचता है। वार्ड सुपरवाइजर का कहना है कि बीते माह भी आग लगाई गई थी।

चाय पी रहे युवक को फार्च्युनर ने रौंदा, मौत

अयोध्या हाईवे पर सुषमा हॉस्पिटल के पास हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अयोध्या हाईवे स्थित सुषमा हॉस्पिटल के पास शनिवार सुबह सड़क किनारे चाय पी रहे सुनील कुमार (32) को फार्च्यूनर ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही सुनील छिटककर दूर जा गिरे। चालक भागने के चक्कर में सुनील को रौंदते हुए आगे बढ़ गया। लोगों ने घेराबंदी कर गाड़ी को रोक लिया। इस बीच आरोपी चालक गाड़ी छोड़कर मौके से भाग निकला। दोपहर में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के मुताबिक मूलरूप से सीतापुर के गंगापुरवा निवासी सुनील कुमार सुषमा हॉस्पिटल के पास किराये के मकान में रहते थे। वह हाईकोर्ट में एक वकील के यहां मुंशी का काम करते थे। शनिवार सुबह वह घर से निकलकर हॉस्पिटल के पास सड़क किनारे खड़े होकर चाय पी रहे थे। इसी दौरान अयोध्या हाईवे से आ रहे तेज रफ्तार फार्च्यूनर चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि सुनील करीब 20 फीट दूर सड़क पर जा गिरे।

बताया गया कि चालक ने भागने के प्रयास में सुनील कुमार को कुचल दिया। पेट के ऊपर से वाहन गुजरने से मौके पर ही उनकी मौत हो गई। यह देख आसपास खड़े लोग दौड़े और कार को घेर लिया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। कार के नीचे दबे सुनील को निकालकर लोहिया अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। सुनील के बड़े भाई गोपाल ने बताया कि उनका भाई कई वर्षों से लखनऊ में रह रहा था। परिवार में पत्नी सरिता और दो बच्चे समर्थ और श्रवण हैं। थाना प्रभारी विभूतिखंड अमर सिंह के अनुसार आरोपी चालक अमेठी निवासी मनोज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है।

डाले की टक्कर से घायल कर्मी की मौत

अमृत विचार, पीजीआई : पीजीआई के वृंदावन सेक्टर–7 स्थित चिरैयाबाग पुल के पास डाले की टक्कर से गंभीर रूप से घायल विद्युत कर्मी अनिल शर्मा (48) की शुक्रवार देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई। उन्हें ट्रामा-2 में भर्ती कराया गया था। मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया।

शक्ति भवन में तैनात अनिल शर्मा खरीका तेलीबाग में पत्नी सरिता और बेटी आंचल के साथ रहते थे। शुक्रवार शाम करीब साढ़े छह बजे वे पत्नी के साथ बाइक से वृंदावन की ओर जा रहे थे। इसी दौरान अनियंत्रित डाले ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद दंपत्ति बाइक समेत डाले के नीचे आ गए और काफी दूर तक घिसटते चले गए। हादसे के बाद डाले चालक मनीष वाहन छोड़कर भागने लगा, लेकिन इसी दौरान वह भी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया और घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को पीजीआई ट्रामा सेंटर पहुंचाया। पत्नी सरिता के दोनों पैर फ्रैक्चर हो गए हैं और उनका इलाज जारी है। शनिवार को शव का पोस्टमार्टम कर भैंसा कुंड में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

हिस्ट्रीशीटर ने तोड़ी हेड कांस्टेबल की बाइक, पिस्टल लूटने का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हुसैनी टाइगर कार्यालय के पास हुई घटना, चौक कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार : शिया धर्मगुरू मौलाना सैय्यद कल्बे जव्वाद नकवी की सुरक्षा में तैनात हेड कांस्टेबल गनर हसन मेंहदी की बाइक हुसैनी टाइगर कार्यालय के पास एक हिस्ट्रीशीटर ने तोड़ दी। विरोध करने पर आरोपी ने गनर को वर्दी उतरवाने की धमकी देते हुए सरकारी पिस्टल छीनने का प्रयास किया। लोगों ने बीच-बचाव किया तो हिस्ट्रीशीटर ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित हेड कांस्टेबल की तहरीर पर चौक कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई है। इंस्पेक्टर चौक नागेश उपाध्याय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

ठाकुरगंज थाना क्षेत्र के नेपियर रोड कॉलोनी निवासी हेड कांस्टेबल हसन मेंहदी वर्तमान में शिया धर्मगुरू मौलाना सैय्यद कल्बे जव्वाद नकवी की सुरक्षा में तैनात हैं। उन्होंने बताया कि 10 दिसंबर को उन्हें मौलाना को रिसीव करने एयरपोर्ट जाना था। इसी दौरान उन्होंने अपनी बाइक हुसैनी टाइगर कार्यालय के पास खड़ी कर दी थी। एयरपोर्ट से लौटने पर देखा कि बाइक गिरी पड़ी थी और उसमें तोड़फोड़ की गई थी। जानकारी करने पर आसपास के लोगों ने बताया कि चौक के पाटानाला निवासी हिस्ट्रीशीटर नकी हुसैन उर्फ अमित ने बाइक गिराकर क्षतिग्रस्त की है।

हेड कांस्टेबल हसन मेंहदी ने जब नकी हुसैन से बाइक गिराने और तोड़ने का कारण पूछा तो वह गाली-गलौज करने लगा। आरोपी ने कहा कि वह पुलिस से नहीं डरता और जो करना हो कर लो। आरोप है कि नकी हुसैन ने अपनी कथित राजनीतिक पहुंच का हवाला देते हुए वर्दी उतरवाने और जान से मारने की धमकी दी। विरोध करने पर उसने सरकारी पिस्टल लूटने का भी प्रयास किया। घटना के दौरान लोगों ने बीच-बचाव किया तो आरोपी ने उन्हें भी धमकाया। पीड़ित हेड कांस्टेबल ने 11 दिसंबर को चौक कोतवाली में शिकायत दी। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि भविष्य में उनके साथ कोई अप्रिय घटना होती है तो इसके लिए नकी हुसैन ही जिम्मेदार होगा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

नदवा में छिपकर रह रहा था फिलीपींस का नागरिक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्राचार्य, सब-रजिस्ट्रार व वार्डन के खिलाफ एफआईआर दर्ज

अमृत विचार : फिलीपींस से टूरिस्ट वीजा पर भारत आए मो. आरून सारिप के नदवा कॉलेज उर्फ नदवतुल उल्मा (नदवा दारूल उलूम) में बिना सूचना तीन दिन तक छिपकर रहने का मामला सामने आया है।

मो. आरून सारिप

विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) से मिली सूचना के बाद हसनगंज पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नदवा कॉलेज के प्राचार्य, सब-रजिस्ट्रार और छात्रावास के वार्डन समेत अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

इंस्पेक्टर हसनगंज चितवन कुमार के मुताबिक मो. आरून सारिप 30 नवंबर से दो दिसंबर 2025 तक नदवा दारूल उलूम के महादुल अली छात्रावास के कमरा नंबर 307 में ठहरा था। ठहरने की सूचना न तो स्थानीय पुलिस को दी गई और न ही अनिवार्य फार्म-सी की प्रक्रिया पूरी की गई। जांच में यह भी सामने आया कि मुख्य गेट के रजिस्टर में भी विदेशी नागरिक के आने-जाने का कोई विवरण दर्ज नहीं था।

सात दिन की जांच के बाद नदवा कॉलेज के प्राचार्य मौलाना अब्दुल अजीज नदवी, सब-रजिस्ट्रार डॉ. हारून रसीद, वार्डन मोहम्मद कैसर नदवी और सुरक्षा कर्मियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार मो. आरून टूरिस्ट वीजा पर भारत आया था और वह तबलीगी जमात की गतिविधियों में शामिल नहीं हो सकता था। मामले की जानकारी मिलने पर वह दिल्ली से फरार हो गया।

पतंगबाजी...

पाताल पुरी हनुमान मंदिर के समीप गोमती तट पर पिकनिक अवध लेडीज क्लब लखनऊ की ओर से आयोजित कार्यक्रम में पतंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती महिलाएं। ● अमृत विचार

तीन फर्जी बैनामे कर कराया करोड़ों का लोन हड़पा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बिजनौर थाना क्षेत्र में फर्जी बैनामों और बैंक लोन से जुड़े बड़े फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। कैंट सदर के आउट्रम लाइन निवासी महेश कुमार, सिविल डिफेंस सेंट्रल कमांड लखनऊ में तैनात, का आरोप है कि मकान दिलाने के नाम पर जेजेजेके रियल एस्टेट कंपनी के मालिक मनोज कुमार शर्मा और उसके सहयोगियों ने तीन फर्जी बैनामे कराए और बैंक ऑफ महाराष्ट्र, पंजाब नेशनल बैंक व एलआईसी हाउसिंग से करोड़ों का लोन कराकर रकम हड़प ली।

महेश कुमार ने बताया कि मनोज कुमार शर्मा ने उपनिबंधक कार्यालय में 15 फरवरी 2022 को पहला बैनामा कराया गया, बाद में तकनीकी गलती बताकर दो और बैनामे कराए गए। लोन की राशि आरोपी और सहयोगियों ने अपने, कंपनी, पत्नी नीलम, मां मिथिलेश देवी और एजेंटों के खातों में ट्रांसफर कर ली। पीड़ित की शिकायत के बाद कोर्ट से आदेश दिलाकर बिजनौर पुलिस ने धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

सेंध लगाकर लाखों की चोरी

संवाददाता, माल

अमृत विचार: थाना क्षेत्र के अटारी गांव व कस्बा में चोरों ने दो घरों को निशाना बनाया। एक मकान की दीवार में सेंध लगायी तो दूसरे घर में छत के रास्ते घुसकर वारदात को अंजाम दिया। शनिवार सुबह सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल पर जांच की। अटारी गांव निवासी लल्लू प्रसाद ने बताया कि चोरों ने बक्से में रखे लगभग एक किलो चांदी के जेवर व 35 हजार रुपये चोरी किए हैं।

वहीं, कस्बा निवासी विनोद ने बताया कि शुक्रवार रात छत के रास्ते घर में घुसे चोरों ने चारपाई पर रखा मोबाइल व खूंटी पर टंगे बैग से 30 हजार, पैंट की जेब से दस हजार और अटैची से जेवर चोरी कर लिए।

बंद मकान को चोरों ने खंगाला, बटोरा माल

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बिजनौर थाना क्षेत्र में चोरों ने बंद मकान को निशाना बनाया। चोरों ने जेवर व नकदी समेत करीब सवा लाख के माल पर हाथ साफ कर दिया। शनिवार को पीड़ित महिला बिजनौर के रहीमाबाद निवासी जानकी ने चोरी की सूचना दी। पुलिस घटनास्थल की छानबीन करने के साथ सीसीटीवी कैमरों के मदद से जांच कर रही है।

ज्वैलरी दुकान खोलकर सर्राफ पिता पुत्र ने 18 लोगों से हड़पे 30 लाख

- किसी ने गिरवी रखे थे जेवर तो किसी ने रुपये और पुराने गहने नए करने के लिए दिए
- मौका देख आरोपी दुकान पर ताला लगाकर फरार
- डीसीपी पूर्वी के आदेश पर गुडंबा थाने में रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : गुडंबा थाना क्षेत्र के मिश्रपुर इलाके में ज्वैलरी की दुकान खोलकर सर्राफ पिता-पुत्र ने 18 लोगों से करीब 30.40 लाख रुपये के गहने और नकदी हड़प ली। किसी ने जेवर गिरवी रखे थे तो किसी ने पुराने गहने देकर नए गहने बनवाने का ऑर्डर दिया था और एडवांस रुपये भी जमा कराए थे। मौका पाकर आरोपी पिता-पुत्र दुकान पर ताला लगाकर फरार हो गए। संपर्क करने पर आरोपियों ने पीड़ितों से गाली-गलौज करते हुए धमकी दी। पीड़ितों की शिकायत पर डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह के आदेश पर गुडंबा पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मिश्रपुर इलाके में रहने वाली सुधि उपाध्याय ने बताया कि कुछ समय पहले बाराबंकी के कुर्सी पुरवा टिकैतगंज निवासी राहुल सोनी और उसके पिता गिरीश चंद्र सोनी ने मिश्रपुर में 'राहुल ज्वैलर्स' के नाम से दुकान खोली थी। कुछ माह पहले वह अपने पति विनय उपाध्याय के साथ दुकान पर पहुंची थीं। बातचीत के बाद सुधि उपाध्याय ने साढ़े तीन लाख रुपये के पुराने जेवर नए बनवाने के लिए दिए थे, जिसकी रसीद भी सर्राफ पिता-पुत्र ने दी थी।

उनकी तरह खुसनूर, खुशी गौतम, वंदना गौतम, मंजू गौतम, गुलशन, ज्योति, सुनीता, संदीप, विनय यादव, निशान सिंह, रुकइया, रेनू गौतम, तब्बसुम, सोफिना, शीला गुप्ता, शुभी और आकाश रावत ने भी रुपये और जेवर दिए थे। किसी ने गहने गिरवी रखे थे तो किसी ने पुराने सोने-चांदी के जेवर नए बनाने के लिए दिए थे। सभी को आरोपियों की ओर से बिल भी दिए गए थे।

पीड़ितों का कहना है कि दीपावली के बाद आरोपी पिता-पुत्र दुकान पर ताला लगाकर फरार हो गए। आसपास जानकारी करने पर पता चला कि दुकान पूरी तरह खाली कर दी गई है। किसी तरह मोबाइल नंबर मिलने पर पीड़ितों ने संपर्क किया तो राहुल सोनी और गिरीश चंद्र सोनी ने गाली-गलौज करते हुए धमकाया और विरोध करने पर फर्जी मामले में फंसाने की चेतावनी दी। इसके बाद पीड़ितों ने पुलिस से शिकायत की। सुधि उपाध्याय की तहरीर पर गुडंबा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई है। इंस्पेक्टर प्रभातेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

प्लॉट के नाम पर ड्रीम्ज इंफ्रा निदेशकों ने ठगे छह लाख

अमृत विचार, लखनऊ : रियल एस्टेट कंपनी ड्रीम्स इंफ्रा वेंचर्स के निदेशकों ने प्लॉट का झांसा देकर महिला से 6 लाख रुपये ऐंठ लिए। उसके बाद आरोपियों ने जमीन दूसरे को बेच दी। एडीसीपी साउथ रल्लापल्ली वसंथ कुमार के आदेश पर कृष्णानगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर पीके सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। सतरिख रोड के सराय शेख स्थित श्रद्धा विहार निवासी रेणुका सिंह ने फीनिक्स मॉल के ड्रीम्ज प्लाजा में स्थित ड्रीम्ज इंफ्रा वेंचर्स के कंपनी मालिक समीर शेख व नासिर से खिलाफ एडीसीपी साउथ से शिकायत की थी। शुरुआती जांच में आरोप सही मिलने पर कृष्णानगर पुलिस ने समीर शेख व नासिर के खिलाफ धोखाधड़ी व अमानत में खयानत की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

प्लॉट का सौदा कर हड़पे 4.50 लाख

अमृत विचार, लखनऊ : मोहनलालगंज में महिला ने पति व बेटे के साथ मिलकर प्लॉट के नाम पर एक व्यक्ति से साढ़े चार लाख रुपये ठग लिए। आरोपियों ने एग्रीमेंट किया लेकिन बाद में जमीन दूसरे को बेच दी। विरोध कर पीड़ित ने रुपये वापस मांगे तो धमकाया गया। एडीसीपी साउथ रल्लापल्ली वसंथ कुमार के आदेश पर मोहनलालगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम जबरौली मनीष कुमार ने बताया कि वर्ष 2023 में गांव के विनोद ने अपनी जमीन बेचने की पेशकश की। दस्तावेज में जमीन विनोद की मां चंद्रकुमारी पत्नी परमेश्वरदीन के थे।

अपराध | तेलंगाना साइबर सुरक्षा ब्यूरो ने डीजी साइबर क्राइम को भेजा था शिकायती पत्र

सोशल मीडिया पर बेचे चाइल्ड पोर्नोग्राफी के वीडियो

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दो मोबाइल नंबर का हो रहा था प्रयोग, पूछताछ में आरोपी के मोबाइल पर मिला रिकॉर्ड
- उपनिरीक्षक ने आलमबाग कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट

अमृत विचार : सोशल मीडिया पर चाइल्ड पोर्नोग्राफी के वीडियो अपलोड कर बेचे जाने का मामला सामने आया है। तेलंगाना साइबर सुरक्षा ब्यूरो, हैदराबाद की शिकायत पर डीजी साइबर क्राइम ने साइबर क्राइम सेल से मामले की जांच करायी। सिम के ग्राहक आवेदन पत्र (कैफ) के आधार पर संदिग्ध से पूछताछ की गयी। दोनों मोबाइल नंबरों पर संदिग्ध चैट और रुपयों के लेनदेन की पुष्टि होने के बाद उपनिरीक्षक ने आलमबाग कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी है। इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र सरोज ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

तेलंगाना साइबर सुरक्षा ब्यूरो, हैदराबाद को दो मोबाइल नंबरों से चाइल्ड पोर्नोग्राफी वीडियो बेचे जाने का शक हुआ था। इसके बाद एक पत्र भेजकर डीजी साइबर क्राइम बिनोद कुमार सिंह को पोर्नोग्राफी के वीडियो बेचने की शिकायत भेजी गयी। शिकायत में एक मोबाइल नंबर और आईडी का जिक्र किया गया था। आरोप था कि उक्त नंबर और आईडी से सोशल मीडिया पर चाइल्ड पोर्नोग्राफी से संबंधित वीडियो और फोटो अपलोड की जा रही हैं। निर्देश पर साइबर क्राइम सेल में तैनात उपनिरीक्षक इंद्रपाल सिंह ने जांच शुरू की।

जांच अधिकारी ने टेलीकॉम कंपनी को पत्र भेजकर जानकारी मांगी तो पता चला कि दोनों नंबर हरिकेश मीना निवासी डीजल कॉलोनी, आलमबाग के हैं। इसके बाद नंबर धारक से संपर्क कर पूछताछ के लिए आलमबाग कोतवाली बुलाया गया। हरिकेश मीना के साथ उनका बेटा मनराज मीना भी पहुंचा। पूछताछ में सामने आया कि दोनों मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल मनराज मीना कर रहा था। जब मोबाइल की जांच की गयी तो संदिग्ध चैट और रुपयों के लेनदेन का रिकॉर्ड मिला।

सभी चैट के स्क्रीन शॉट लेकर पुलिस ने पहले मनराज मीना को चेतावनी देकर छोड़ दिया। इसके बाद साइबर सेल के जांच अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी, जिस पर कार्रवाई के आदेश हुए। एसीपी साइबर सेल ने कार्रवाई के लिए एक रिपोर्ट आलमबाग कोतवाली भेजी। बीट प्रभारी बरहा उपनिरीक्षक अवनीश कुमार ने आलमबाग कोतवाली में मनराज मीना के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज करायी है।

दो युवकों के खाते से उड़ाए 1.23 लाख

अमृत विचार, लखनऊ : साइबर जालसाजों ने फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी और कस्टमर केयर कर्मी बनकर दो युवकों के बैंक खातों से कुल 1.23 लाख रुपये उड़ा लिए। ठगी के ये दोनों मामले मोहनलालगंज और विकासनगर थाना क्षेत्र के हैं। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पुरसैनी निवासी शशिकांत मिश्र को लोन दिलाने के नाम पर व कासनगर थाना क्षेत्र के कमला नेहरू नगर निवासी केशव सिंह ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच शुरू कर दी है।

अमृत विचार

www.amritvichar.com

सिटी ब्रीफ

पीजीआई के 42 वर्ष पूरे स्थापना दिवस आज

अमृत विचार, पीजीआई : संजय गांधी पीजीआई संस्थान रविवार को अपनी स्थापना के 42 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर स्थापना दिवस समारोह आयोजित करेगा। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे से संस्थान के श्रुति प्रेक्षागृह में होगा, जिसमें उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। राज्य के चिकित्सा शिक्षा मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह समारोह में विशिष्ट अतिथि रहेंगे। स्थापना दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग, नई दिल्ली के अध्यक्ष डॉ. अभिजात चंद्रकांत शेठ विशेष व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे। संस्थान के निदेशक प्रो. आरके धीमन पीजीआई की अब तक की शैक्षणिक प्रगति, शोध उपलब्धियों और चिकित्सा सेवाओं की जानकारी साझा करेंगे। डीन प्रो. शालीन कुमार भी समारोह को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम के दौरान संस्थान की ओर से ऑनलाइन फीस भुगतान से जुड़े नए सॉफ्टवेयर का सॉफ्ट लॉन्च किया जाएगा। इसके साथ ही 'पल्स–इमरजेंसी अल्ट्रासाउंड गाइड' नामक पुस्तक का विमोचन भी किया जाएगा। समारोह में उत्कृष्ट योगदान के लिए फैकल्टी सदस्यों, रेजिडेंट चिकित्सकों और पैरामेडिकल कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा।

गेस्ट्रोमेडिसिन विभाग में बेड होंगे दोगुने

अमृत विचार, लखनऊ : किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में गेस्ट्रोमेडिसिन विभाग के बेड दोगुने किए जा रहे हैं। वर्तमान में 20 बेड की जगह अब 40 बेड उपलब्ध होंगे। साथ ही विभाग में तीन से पांच आईसीयू-वेंटिलेटर बेड भी नए साल से शुरू होंगे, जिससे गंभीर पेट रोगों के मरीजों को बेहतर इलाज की सुविधा मिलेगी।

केजीएमयू के शताब्दी भवन के छठे तल पर संचालित विभाग में प्रदेश भर से मरीज आते हैं। रोजाना 400 से 500 मरीज ओपीडी में आते हैं, जिसके चलते अधिकांश बेड भरे रहते हैं। विभाग में पांच डॉक्टर तैनात हैं, जिनमें बॉन्ड पर नियुक्त चिकित्सक भी शामिल हैं।

विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुमित रुंगटा ने बताया कि मरीजों की संख्या बढ़ने के कारण विभाग का विस्तार किया जा रहा है। आईसीयू और वेंटिलेटर बेड से गंभीर मरीजों का बेहतर इलाज संभव होगा। विभाग में एंडोस्कोपी, कोलोनोस्कोपी सहित सभी जरूरी जांच सुविधाएं पहले से मौजूद हैं।

केजीएमयू प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि स्पोर्ट्स मेडिसिन विभाग को सुपर स्पेशियलिटी आर्थोपैडिक्स भवन में शिफ्ट करने से छठे तल का आधा हिस्सा खाली हुआ है, जिसे गेस्ट्रोमेडिसिन विभाग के विस्तार में इस्तेमाल किया जाएगा।

नर्सेज की आवाज पहुंची दिल्ली तक

अमृत विचार, पीजीआई : नर्सिंग कर्मियों के अधिकार, सम्मान और भविष्य की सुरक्षा को लेकर ऑल इंडिया रजिस्टर्ड नर्सेज फेडरेशन (एआईआरएनएफ) के प्रतिनिधिमंडल ने केंद्र सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों से मुलाकात कर अपनी प्रमुख मांगें रखीं। राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरज गुप्ता के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भेंट कर नर्सेज के भत्ते, समान वेतनमान और पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को लेकर विस्तार से चर्चा की। रक्षा मंत्री ने नर्सेज की सेवाओं की सराहना करते हुए उनकी जायज मांगों पर सकारात्मक पहल का भरोसा दिलाया। इसके अलावा प्रतिनिधिमंडल ने वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी से भी मुलाकात की। बैठक में नर्सेज से जुड़े आर्थिक हितों, वेतन संरचना, भत्तों और ओपीएस जैसे मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई।

अटल सांस्कृतिक संगम 23 को

अमृत विचार , लखनऊ : काव्योम और राष्ट्र धर्म की ओर से आगामी 23 दिसम्बर को लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय हाल में अटल सांस्कृतिक संगम–2025 का आयोजन किया जाएगा। इसमें संगोष्ठी, कवि सम्मेलन, शास्त्रीय गायन प्रतियोगिता और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। संगोष्ठी और प्रतियोगिताओं के केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी ही रहेंगे।आयोजन के संदर्भ में रामायण धर दुबे ने शनिवार को पत्रकारों को बताया कि 23 दिसम्बर को होने वाली संगोष्ठी में आचार्य मिथिलेश नंदिनी शरण छात्र जीवन के अटल संकल्प विषय पर अपने विचार व्यक्त करेंगे। माखन लाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय के कुलपति विजय मनोहर तिवारी और महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय के मनोज दीक्षित भारत भाव के अटल सिद्धांत विषय पर अपनी बात रखेंगे। गायन प्रतियोगिता कानपुर की शालिनी वेद तिवारी के मार्गदर्शन में होगी। यह प्रतियोगिता अटल बिहारी वाजपेयी के गीतों पर आधारित होगी। उन्होंने बताया कि कवि सम्मेलन में प्रसिद्ध कवि मौजूद रहेंगे।

इतिहास ने वाजिद अली को पहचानने में भूल की : तलत फातिमा

लिटरेचर फेस्टिवल में हुआ वाजिद अली शाह पर किताब का विमोचन ,वाजिद अली शाह ने तैयार की थी गंगा जमुनी तहजीब : अम्मार रिजवी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : नवल किशोर रोड स्थित लीप्रेस में आयोजित दो दिवसीय लिटरेचर फेस्टिवल मेटाफर का पहला दिन साहित्यिक चर्चाओं में व्यस्त रहा। गजल लेखन पर चर्चा हुई। राहत इन्दौरी और मुनव्वर राना से लेकर फैज अहमद फैज तक के लेखन पर बात की गई। अवध के आख़िरी बादशाह नवाब वाजिद अली शाह पर लिखी गई किताब का विमोचन हुआ। अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार से सम्मानित बानू मुश्ताक को राम आडवाणी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

अवध के आख़िरी बादशाह नवाब वाजिद अली शाह पर लिखी गई किताब का विमोचन करते मुख्य अतिथि व अन्य। अमृत विचार

वाजिद अली शाह पर डॉ. कौकब कद्र और सज्जाद अली मीरजा की शोधपरक पुस्तक का विमोचन उत्तर प्रदेश के पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डॉ. अम्मार रिजवी ने किया। इस मौके पर नवाब वाजिद अली शाह के प्रपौत्र डॉ. कौकब कद्र की बेटी तलत फातिमा, इतिहासकार रौशन तकी और दास्तानगो हिमांशु वाजपेयी ने अपने विचार व्यक्त किये।

डॉ. अम्मार रिजवी ने कहा कि वाजिद अली शाह ने फैसला किया था कि अंग्रेजों से मुकाबला किया जाएगा। उधर अंग्रेजों ने लन्दन में तय किया कि हिन्दुस्तान पर कब्जा करना है तो हिन्दू और मुसलमानों को लड़ाना होगा। उन्होंने कहा कि एकता के लिए जो काम अकबर ने शुरू किया था, वाजिद अली शाह ने उसे ही आगे बढ़ाया। वाजिद अली शाह की कोशिशों को देखकर अंग्रेज घबरा गये थे, क्योंकि उन्होंने तो हिन्दुस्तानियों का समाज तैयार कर दिया था।

तलत फातिमा ने बताया कि कौकब कद्र और सज्जाद अली मीरजा की लिखी यह किताब साधारण किताब नहीं है। यह किताब शोध का नतीजा है। साढ़े तीन साल तक शोध के बाद यह किताब लिखी गई। उन्होंने कहा कि 60 साल पहले तक वाजिद अली शाह को लग्जरी जिन्दगी जीने वाला माना जाता था, लेकिन आज यह मान लिया गया है कि यह इतिहास की भूल थी।

रौशन तकी ने कहा कि वाजिद अली शाह ने जब लखनऊ छोड़ा तो उन्हें बदनाम करने के तमाम अफ़साने गढ़े गए। अंग्रेजों के जाने के बाद लोगों ने वाजिद अली शाह को जाना। उन्होंने बताया कि वाजिद अली शाह धार्मिक थे, एकता के प्रबल समर्थक थे, बहुत अच्छे शायर और लेखक थे। विभिन्न विषयों पर उन्होंने 100 से ज्यादा किताबें लिखीं। रंगमंच की उन्होंने शुरुआत की। राधा-कृष्ण पर लिखा। इस मौके पर मंजिलत फातिमा, वंदना मिश्रा, डॉ. रमेश दीक्षित और प्रदीप कपूर भी मौजूद रहे।

अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार विजेता बानू मुश्ताक को मिला राम आडवाणी पुरस्कार

बानू मुश्ताक

- टफेस्ट में अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार विजेता बानू मुश्ताक को राम आडवाणी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार मेटाफोर की संस्थापक कनक रेखा चौहान और ओपी माहेश्वरी ने बानू मुश्ताक ने पुरस्कार प्रदान किया। बानू मुश्ताक ने आभार व्यक्त करते हुए इस पुरस्कार को हाशिए पर पड़े समुदायों की अनसुनी आवाजों की पहचान बताया। उन्होंने उम्मीद जताई कि किताबें साहस का प्रतीक बनी रहेंगी। उन्होंने घर पर दक्खनी उर्दू बोलने से लेकर 8 दिनों में कन्नड़ में महारत हासिल करने और 1974 में अपनी पहली कहानी प्रकाशित करने तक की अपनी यात्रा का वर्णन किया। उन्होंने अपने शुरुआती संघर्षों, मार्गदर्शकों की कमी और उस साहस को याद किया जिसने उन्हें सीधे संपादकों से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बुकर पुरस्कार दिलाने वाले लघु कथा संग्रह के बारे में बताया और अपनी कहानी हसीना का जिक्र किया जिस पर बाद में फिल्म बनी। अब उनकी निगाहें नोबेल पुरस्कार पर टिकी हैं।

पंचायत चुनाव में भी नोटा का विकल्प देने की मांग

विधि संवाददाता, अमृत विचार

लखनऊ: हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में जनहित याचिका दाखिल करते हुए, मांग किया गया है कि पंचायत चुनाव में भी वोटर को नोटा का विकल्प चुनने का विकल्प दिया जाए व हर चुनाव चिन्ह के सामने उम्मीदवार का नाम भी अनिवार्य रूप से लिखा जाए। कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार व राज्य निर्वाचन आयोग को चार सप्ताह में अपना जवाबी शपथपत्र दाखिल को कहा है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन राय व न्यायमूर्ति इंद्रजीत शुक्ला की खंडपीठ ने सुनील कुमार मौर्या की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया है। याची ने कोर्ट को याचिका के माध्यम से बताया कि शहरी चुनाव में तो मतदाता को नोटा का विकल्प दिया जाता है, लेकिन पंचायत चुनाव में यह विकल्प नहीं दिया जाता है। न ही चुनाव चिन्ह के सामने उम्मीदवार का नाम ही दिया जाता है। मामले में सुनवाई के बाद कोर्ट ने सरकार व राज्य निर्वाचन आयोग को चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने व उसके दो सप्ताह बाद याची को उसका प्रत्युत्तर दाखिल करने का आदेश दिया है।

पूर्व मंत्री रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया को नोटिस जारी

विधि संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने पूर्व मंत्री रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया और उनकी साली साध्वी सिंह को पत्नी भानवी कुमारी सिंह द्वारा दायर एक याचिका पर नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने राजा भैया की पत्नी भानवी कुमारी सिंह के विरुद्ध मानहानि व महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के आरोपों में चल रहे मुकदमे की प्रक्रिया पर अंतरिम रोक लगा दी है। मामले की अगली सुनवाई तीन सप्ताह बाद होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति सौरभ लवानिया की एकल पीठ ने भानवी कुमारी सिंह की याचिका पर दिया। याची की ओर से दलील दी गई कि उसके पति रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भईया ने विवाह विच्छेद का एक मुकदमा परिवार न्यायालय में किया है। उक्त मुकदमे पर याची द्वारा लिखित जवाब दाखिल किया गया था। उक्त लिखित जवाब को एक चैनल द्वारा चलाया गया जिसके आधार पर वर्तमान एफआईआर याची की बहन साध्वी सिंह ने उसके व दो अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध की है। इस पर कोर्ट ने कहा कि फैमिली कोर्ट एक्ट तथा हिन्दू विवाह अधिनियम में स्पष्ट प्रावधान है जिसके तहत परिवार न्यायालय के किसी भी मुकदमे की कार्यवाही को पब्लिश या प्रिंट नहीं किया जा सकता। हालांकि याची के अधिवक्ता ने दलील दी कि जो आरोप याची पर लगाए गए हैं, उनमें सिर्फ परिवाद दाखिल किया जा सकता था।

नेहरू युवा केन्द्र के सभागार में जन संस्कृति मंच के दो दिवसीय राज्य सम्मेलन को सम्बोधित करते परंजॉय गुहा ठाकुरता।

जसमं ने लिया विभाजन की संस्कृति के खिलाफ एकजुटता का संकल्प

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति प्रो. रूपरेखा वर्मा ने किया प्रतिनिधियों का स्वागत

अमृत विचार : जन संस्कृति मंच का 10वां राज्य सम्मेलन शनिवार को लखनऊ के नेहरू युवा केंद्र में शुरू हुआ। दो दिवसीय सम्मेलन के पहले दिन उद्घाटन सत्र को परांजय गुहा ठाकुरता और संस्कृति कर्मी शम्सुल इस्लाम ने संबोधित किया। सम्मेलन में आए अतिथियों और प्रतिनिधियों का स्वागत लखनऊ विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति प्रो. रूपरेखा वर्मा ने किया। अध्यक्षीय वक्तव्य प्रो. अवधेश प्रधान ने दिया।

सम्मेलन में विभाजन और दमन के मौजूदा राज के खिलाफ एकजुट सांस्कृतिक संघर्ष का संकल्प जाहिर किया गया। इप्टा के दीपक कबीर ने कहा कि हमें मिलकर एक साझी रणनीति पर विचार करना चाहिए। जनवादी लेखक संघ की समीना खातून ने कहा कि यह वक्त एक दूसरे का हाथ मजबूती से थाम कर चलने का है। प्रगतिशील लेखक संघ के शकील सिद्दीकी ने कहा कि आज आशंकाएं हैं, खतरे हैं, पर जीत की आशा खत्म नहीं हुई है।

साहित्यकार शिवमूर्ति ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन रामायण राम ने किया। सत्र की शुरुआत और समापन सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुआ। 14 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे से सम्मेलन शुरू होगा।

बिना सहमति स्मार्ट मीटर को प्रीपेड करने पर उपभोक्ता परिषद ने उठाए सवाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- परिषद ने कहा कि विद्युत अधिनियम का किया जा रहा उल्लंघन
- प्रक्रिया तत्काल नहीं रोकी गई तो मामला केंद्रीय स्तर पर उठाया जाएगा

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में उपभोक्ताओं की सहमति के बिना स्मार्ट मीटर को पोस्टपेड से प्रीपेड मोड में बदले जाने को लेकर राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। परिषद ने इसे विद्युत अधिनियम 2003 का खुला उल्लंघन बताते हुए बिजली निगमों पर मनमानी का आरोप लगाया है। परिषद ने चेतावनी दी है कि यदि यह प्रक्रिया तत्काल नहीं रोकी गई तो मामला केंद्रीय स्तर पर उठाया जाएगा।

परिषद का कहना है कि स्मार्ट मीटर की ऊंची कीमत और अधिक वसूली का मुद्दा पहले से ही विवादों में है। इस बीच विद्युत नियामक आयोग ने स्मार्ट मीटर की कीमतों में कमी के प्रस्ताव को अंतिम रूप दे दिया है और अधिक वसूली पर रोक की प्रक्रिया भी शुरू की गई है। इसके बावजूद उपभोक्ताओं की सहमति के बिना मीटरों को प्रीपेड मोड में बदला जाना गंभीर चिंता का विषय है।

परिषद अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने बताया कि 11 दिसंबर को लोकसभा में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने स्पष्ट किया था कि पोस्टपेड व्यवस्था समाप्त नहीं की गई है और यह अब भी डिफॉल्ट मोड में लागू है। मंत्री ने यह भी कहा था कि आरडीएसएस योजना के तहत स्मार्ट प्रीपेड मीटर पहले सरकारी कार्यालयों, वाणिज्यिक संस्थानों, औद्योगिक इकाइयों और बड़े उपभोक्ताओं के यहां लगाए जा रहे हैं।

इसके बावजूद परिषद का आरोप है कि प्रदेश में गरीब और छोटे घरेलू उपभोक्ताओं के यहां उनकी सहमति के बिना स्मार्ट मीटर लगाकर उन्हें सीधे प्रीपेड मोड में बदला जा रहा है। परिषद के अनुसार प्रदेश में अब तक लगभग 53 लाख स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जा चुके हैं, जिनमें से करीब 33 लाख मीटर उपभोक्ताओं की सहमति के बिना प्रीपेड मोड में कन्वर्ट किए गए हैं।

परिषद ने विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 47(5) का हवाला देते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को पोस्टपेड या प्रीपेड मीटर चुनने का वैधानिक अधिकार है। परिषद ने मांग की है कि किसी भी उपभोक्ता का मीटर प्रीपेड मोड में बदलने से पहले उसकी लिखित सहमति अनिवार्य की जाए।

कैंसर सिर्फ मरीज ही नहीं, तीमारदारों को भी तोड़ देता है : डॉ. सरिता

अमृत विचार , लखनऊ : कैंसर जैसी गंभीर बीमारी न सिर्फ मरीज को शारीरिक पीड़ा देती है, बल्कि उसके तीमारदारों को भी मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक रूप से झकझोर देती है। इलाज के दौरान मरीज की देखभाल करते-करते परिजन खुद तनाव, थकान और अवसाद का शिकार हो जाते हैं। ऐसे तीमारदारों की भी देखभाल और मानसिक सहयोग बेहद जरूरी है। यह बात केजीएमयू पेन मेडिसिन यूनिट की प्रमुख डॉ. सरिता सिंह ने कही।

डॉ. सरिता सिंह शनिवार को केजीएमयू के पेन मेडिसिन यूनिट द्वारा इंडियन सोसाइटी ऑफ प्रोस्थोडॉन्टिक्स, रिस्टोरेटिव डेंटिस्ट्री एवं पेरियोडोंटिक्स तथा महिला सशक्तिकरण सेल के सहयोग से आयोजित कार्यशाला में बोल रही थीं। मरीज की हालत देखकर तीमारदार भी मानसिक तनाव और भावनात्मक दबाव झेलते हैं।

सिटी डायरी

इस्कॉन पदयात्रा मौसमगंज रामलीला स्थल डालीगंज पहुंची

अमृत विचार, लखनऊ : अंतर्राष्ट्रीय कृष्णा भावनामृत संघ इस्कॉन की ओर से प्रदेश में चल रही पदयात्रा शनिवार को मौसमगंज रामलीला स्थल डालीगंज पहुंची। यहां पर रामलीला कमेटी व क्षेत्र के नागरिकों ने यात्रा में चल रहे इस्कॉन भक्तों का स्वागत किया और यात्रा में चल रहे रथ में कृष्ण, बलराम और इस्कॉन के संस्थापक की प्रतिमा के दर्शन किए। इस मौके पर समाजसेवी जितेंद्र कुमार चौरसिया ने इस्कॉन भक्तों को कंबल और अंग वस्त्र से सम्मानित किया। बाद में यात्रा आगे के लिए रवाना हुई। यात्रा शुक्रवार की रात यहां पर पहुंची थी। इस मौके पर रामलीला समिति के सुरेश श्रीवास्तव, मनकामेश्वर वार्ड के पार्षद रंजीत सिंह आदि लोग शामिल रहे।

यात्रा में चल रहा रथ।

सम्मानित की गई महिलाएं।

मांगों को लेकर एकत्रित हुए कर्मचारी।

उत्कृष्ट कार्यों के लिए 'सेवा सम्मान'

अमृत विचार, लखनऊ: संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की ओर से गोमतीनगर में उत्कृष्ट सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों, महिलाओं, व्यापारी वर्ग और समाजसेवियों की बड़ी संख्या में सहभागिता रही। इस अवसर पर संगठन की ओर से उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी कुमार पांडे और महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष गीता गुप्ता ने की। समारोह में प्राची पांडे, यासिर अजहर सिद्दीकी, अपर्णा मिश्रा, बलवीर मान, नवल कांत, अनुज तिवारी, अंशु दीक्षित, वरिष्ठ नागरिक रामकुमार पांडे, संदीप साहू, हरिओम दुबे, पारुल मोहन, मनु वैश्य, अरविंद मिश्रा, राम तिवारी, मनोज सिंह ठाकुर, अशोक विश्वकर्मा, रवि मोहन श्रीवास्तव मौजूद रहे।

सेंट्रल रीजनल वर्कशॉप कर्मचारी संघ की बैठक में उठीं समस्याए

अमृत विचार, लखनऊ : सेंट्रल रीजनल वर्कशॉप कर्मचारी संघ, लखनऊ क्षेत्र की बैठक आलमबाग बस स्टेशन पर आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय मंत्री नीरज चतुर्वेदी ने की, जिसमें उपनगरीय, हैदरगढ़, आलमबाग, केसरबाग और अवध डिपो के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में लखनऊ क्षेत्र के कर्मचारियों को दीपावली प्रोत्साहन राशि न दिए जाने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। पदाधिकारियों ने बताया कि अन्य क्षेत्रों में राशि वितरित हो चुकी है, जबकि लखनऊ क्षेत्र के कर्मचारी इससे वंचित हैं, जिससे रोष व्याप्त है।

टॉक्सिकोलॉजी लैब शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में जहर की पहचान और इलाज के लिए अत्याधुनिक एनालिटिकल टॉक्सिकोलॉजी लैबोरेट्री एवं ट्राइजन इनफॉरमेशन सेंटर शुरू किया गया। इसका लोकार्पण शनिवार को उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने किया। लैब में रक्त व मूत्र नमूनों से विषैले पदार्थों की जांच की जाएगी, जो उपचार के साथ फॉरेंसिक मामलों में भी उपयोगी होगी। कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद ने बताया कि सेंटर से आमजन को जहर संबंधी जरूरी जानकारी भी मिलेगी।

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री को स्मृतिचिन्ह देकर किया गया सम्मानित।

आयोजन | देश–प्रदेश से जुटे एसजीपीजीआई के पूर्व छात्र

रोमांचक रहा निदेशक 11 बनाम डीन 11 का मुकाबला

संवाददाता, पीजीआई

- सम्मान, संवाद और पुनर्मिलन रात्रिभोज में दिखा संस्थान से अटूट रिश्ता
- एसजीपीजीआई के छठे पूर्व छात्र दिवस पर क्रिकेट से संस्कृति तक, यादों और एकता का उत्सव

अमृत विचार : संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान में शनिवार को छठा पूर्व छात्र दिवस उत्साह, खेल भावना और भावनात्मक पुनर्मिलन के माहौल में मनाया गया। देश-प्रदेश से आए पूर्व छात्र, संकाय सदस्य और उनके परिवार इस यादगार आयोजन के साक्षी बने।

पूर्व छात्र दिवस की शुरुआत सुबह 9 बजे विभागीय भ्रमण से हुई। इसके बाद पीजीआई क्रिकेट मैदान में निदेशक डॉ आरके धीमन और डीन डॉ. शालीन कुमार के नेतृत्व में निदेशक 11 और डीन 11 के बीच टेनिस-बॉल क्रिकेट मैच खेला गया। मुकाबले में डॉ विदुषी, डॉ आकांक्षा वर्मा, डॉ भानुप्रिया और डॉ आकांक्षा अग्रवाल सहित महिला संकाय सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही। केजीएमयू से डॉ अजय कुमार पटवा, एंडोक्रिनोलॉजिस्ट डॉ अरुण पांडे, मेदांता से डॉ कमलेश भैसोरा और मैक्स अस्पताल से डॉ प्रतीक मेहरोत्रा जैसे विशिष्ट पूर्व छात्र भी मैदान में उतरे। टॉस जीतकर निदेशक 11 ने 15 ओवर में 118 रन बनाए, जवाब में डीन 11 ने 11 ओवर में पांच विकेट से जीत दर्ज की। पुरस्कार वितरण में डॉ राजीव कुमार भारती (सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज), डॉ अनुप कुमार (सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज), कर्नल जे एस घुमन (सर्वश्रेष्ठ फील्डर), डॉ प्रतीक मेहरोत्रा (सर्वश्रेष्ठ पूर्व छात्र खिलाड़ी), डॉ कुंतल के दास (सर्वाधिक चौके), डॉ अरुण पांडे (सर्वाधिक छक्के) और मैन ऑफ द मैच डॉ संचित रुस्तगी को सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता में विजयी खिलाड़ी। अमृत विचार

शाम को सीवी रमन सभागार व पुस्तकालय परिसर में आयोजित पुनर्मिलन रात्रिभोज, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, आम सभा, पुरस्कार वितरण और पूर्व छात्र स्मृति-चिह्न विमोचन ने माहौल को भावुक बना दिया। मुख्य अतिथि प्रो उदय भान पांडे के साथ निदेशक और डीन के प्रेरक संबोधन ने आयोजन को यादगार बना दिया। बच्चों के लिए अलग खेल क्षेत्र ने पारिवारिक सहभागिता को और मजबूत किया।

सिटी ब्रीफ

आज से खिलाड़ियों का होगा डोप टेस्ट

अमृत विचार, लखनऊ : 69वीं राष्ट्रीय स्कूल एथलेटिक्स प्रतियोगिता-2025 में कुल 41 टीमों के 1594 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। प्रतिस्पर्धा का आरंभ शनिवार को कर दिया गया है। यह प्रतियोगिता आगामी 17 दिसंबर तक चलेगी। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे खिलाड़ियों का डोप टेस्ट करने के लिए नाडा की डोप टेस्ट टीम रविवार को प्रतियोगिता स्थल पर पहुंच जाएगी और नियमानुसार खिलाड़ियों का डोप टेस्ट शुरु करेगी।

पीएम को विकसित भारत की संकल्पना बताएंगी मुस्कान

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में 12 व 13 दिसंबर को विकसित भारत यंग लीडर्स डिबेट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें 10 ट्रैक रखे गए थे, प्रत्येक ट्रैक से तीन-तीन योग्य उम्मीदवारों को चयनित किया गया। चयनित प्रतिभागियों को अंतिम चरण में 10, 11 और 12 जनवरी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष विकसित भारत के संदर्भ में अपनी संकल्पना प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। समस्त विजेताओं में विश्वविद्यालय की छात्रा मुस्कान पांडे ने इनोवेशन विद ट्रेडीशन बिल्डिंग ए मॉडर्न भारत ट्रैक में प्रथम स्थान प्राप्त किया और आगामी चरण हेतु विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेगी।

सुशील को मिली अध्यक्ष की मान्यता

अमृत विचार , लखनऊ : ऑल इंडिया प्राइमरी टीचर्स फेडरेशन के राष्ट्रीय निर्वाचन और संगठन का मुकदमा निबंधन महानिरीक्षक के पास दायर था। जहां से निर्वाचन विवाद पर निर्णय देते हुए सुशील कुमार पाण्डेय को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष की मान्यता मिली है। साथ है विभागीय सेंटर को डाटा अद्यतन करने व वेबसाइट पर जारी करने को निर्देशित किया गया है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर कई दावेदार थे जिसके कारण सहयोगी संगठनों में समर्थन देने को लेकर असमंजस था। अब जारी आदेश के अनुसार राष्ट्रीय स्तर पर संचालित अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ का नेतृत्व सुशील कुमार पांडेय के द्वारा किया जाएगा।

नीति अनुसंधान इंटर्नशिप की जानकारी दी

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल ने छात्रों को अकादमिक-नीतिगत अवसर से अवगत कराया है। 2025-26 सत्र के लिए नीतिगत अनुसंधान इंटर्नशिप की पेशकश की गई है, जिसका उद्देश्य छात्रों उच्च-स्तरीय नीति अनुसंधान, शासन अध्ययन और विधायी मसौदा तैयार करने का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है। यह इंटर्नशिप पूरी तरह रिमोट मोड (वर्क फ्रॉम होम) में आयोजित की जाएगी और इसकी अवधि छह महीने निर्धारित है। इसमें किसी भी विषय के स्नातक अथवा स्नातकोत्तर छात्र आवेदन के पात्र हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय नीतियों का अध्ययन, नीति-नोट और ब्रीफ तैयार करना, विधायी समीक्षा तथा हितधारक विश्लेषण जैसे कार्यों से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

सौरव के शतक से रूद्रांश ने दर्ज की जीत

अमृत विचार, लखनऊ : सौरव की शानदार शतकीय पारी के चलते रूद्रांश क्रिकेट क्लब ने 21वीं बीबीडी सी डिवीजन क्रिकेट लीग के एक मुकाबले में गुजराल क्रिकेट क्लब को 135 रनों से शिकस्त दी। यह मैच जीजीएस स्पोर्ट्स कॉलेज मैदान पर खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रूद्रांश क्रिकेट क्लब ने निर्धारित 40 ओवर में सात विकेट खोकर 290 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से सौरव ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 101 गेंदों में 14 चौकों की मदद से 103 रन की शानदार पारी खेली। उनके अलावा विकास यादव ने भी 68 रनों की योगदान टीम को दिया। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजराल क्रिकेट क्लब की टीम रूद्रांश के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी, और नौ विकेट गंवाकर 155 रन ही जोड़ सकी। रूद्रांश की ओर से गेंदबाजी में आदित्य यादव, अशु गुप्ता और सत्यम सिंह ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दो-दो विकेट अपने नाम किए। इस जीत के साथ रूद्रांश क्रिकेट क्लब ने लीग में अपनी स्थिति और मजबूत कर ली।

69वीं राष्ट्रीय स्कूल एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शामिल छात्राएं। अमृत विचार

कुर्सी रोड में आयोजित प्रतियोगिता के दौरान दौड़ लगाते छात्र। अमृत विचार

असम और तमिलनाडु ने किया धमाकेदार आगाज

राष्ट्रीय स्कूल एथलेटिक्स प्रतियोगिता: 5000 मीटर पैदल में असम के फिरदौस, ऊंची कूद में तमिलनाडु की धन्या रहीं विजेता

कार्यालय संवाददाता,

अमृत विचार : "मुस्कुराइये कि आप लखनऊ में हैं" के संदेश के साथ शनिवार को 69वीं राष्ट्रीय स्कूल एथलेटिक्स प्रतियोगिता-2025 का रंगारंग कार्यक्रमों के बीच आगाज हुआ। गुरु गोबिंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज, कुर्सी रोड में आयोजित प्रतियोगिता में ऊंची कूद में तमिलनाडु की छात्रा धन्या ने और 5000 मीटर पैदल चाल में असम के फिरदौस ने प्रथम स्थान हासिल कर अपने-अपने प्रदेशों को शानदार शुरुआत दिलाई। 17 दिसंबर तक चलने वाली इस एथलेटिक्स प्रतियोगिता में कुल 19 प्रकार के खेल आयोजित किए जा रहे हैं।

प्रतियोगिता में अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, त्रिपुरा, केरल, तमिलनाडु, दमन दीव व दादर नगर हवेली, लक्षद्वीप, लद्दाख, उत्तर प्रदेश सहित 41 राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों, संगठनों और सोसाइटीज की टीमों के लगभग 1594 बालक-बालिकाएं, 170 कोच, मैनेजर और टेक्निकल ऑफिशियल्स भाग ले रहे हैं।

गोला फेंकती डोना चौधरी।

प्रतियोगता के दौरान दौड़ लगाते अभ्यथी। अमृत विचार

शनिवार को आयोजित हुई प्रतियोगिताएं: बालक-बालिकाओं के 3000 मीटर दौड़, 100 मीटर दौड़, 800 मीटर दौड़ और शॉटपुट प्रतियोगिताओं के प्रथम चरण और क्वालिफिकेशन राउंड संपन्न हुए।

आज होंगी ये प्रतियोगिताएं: बालक-बालिकाओं के डिस्कस थ्रो, त्रिकूद, 110 मीटर बाधा दौड़, 1500 मीटर दौड़, भाला फेंक और 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिताओं के क्वालिफिकेशन राउंड होंगे। वहीं बालक वर्ग में पोल वॉल्ट, शॉटपुट,

- पहले दिन रिले दौड़, ऊंची कूद और गोला फेंक की हुई प्रतिस्पर्धाएं
- आज होंगे कई रोमांचक मुकाबले खिलाड़ियों का उत्साह चरम पर

100 मीटर दौड़ और बालिका वर्ग में शॉटपुट, पोल वॉल्ट, 100 मीटर दौड़ और 3000 मीटर पैदल चाल के फाइनल मुकाबले संपन्न होंगे।

उद्घाटन समारोह में ये रहे मौजूद: अर्जुन पुरस्कार विजेता विजय सिंह चौहान, रेखा दिवाकर, मीडिया कॉर्डिनेटर डॉ. दिनेश

> प्रतियोगिता के पहले दिन स्वर्ण पदक तमिलनाडु और असम, रजत पदक कर्नाटक और उत्तराखंड तथा कांस्य पदक केरल और दिल्ली के नाम रहा। आज भी प्रतियोगिता के कई रोमांचक मुकाबले होंगे।
> डॉ. दिनेश कुमार, मीडिया कोआर्डिनेटर

कुमार, मनीष तिवारी, डॉ. ज्योत्सना सिंह, शिक्षा निदेशक माध्यमिक डॉ. महेंद्र देव, सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद भगवती सिंह, निदेशक एससीईआरटी गणेश कुमार, डॉ. प्रदीप कुमार, वीके पांडेय, मुकेश कुमार सिंह, राजकुमार, राकेश कुमार, श्यामकिशोर तिवारी, अतुल सिन्हा, जयशंकर श्रीवास्तव, मनीषा द्विवेदी और अमिता सिंह उपस्थित रहीं।

खेल भावना बनाए रखें: उद्घाटन अवसर पर कृषि उत्पादन आयुक्त और एसजीएफआई के अध्यक्ष दीपक कुमार ने कहा कि प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन हो और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित की जाए। अपर मुख्य सचिव माध्यमिक व बेसिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने कहा कि खेल भावना बनाए रखते हुए खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। जीत और हार खेल का हिस्सा हैं, महत्वपूर्ण यह है कि आत्मविश्वास और सामर्थ्य बना रहे।

परिणाम-बालक वर्ग

- प्रतियोगिता : 5000 मीटर पैदल
- प्रथम- फिरदौस आलम, असम — 20 :51 मिनट
- द्वितीय- तनिष्क, उत्तराखंड — 21 :05 मिनट
- तृतीय- आदित्य, दिल्ली — 21 :10 मिनट

बालिका वर्ग

- प्रतियोगिता : ऊंची कूद
- प्रथम- धन्या, तमिलनाडु — 1.67 मीटर
- द्वितीय- जीएम कीर्ति, कर्नाटक — 1.63 मीटर
- तृतीय- अश्मिका सीपी, केरल — 1.61 मीटर

झारखंड, हैदराबाद और हिमाचल प्रदेश जीते

- वीमेंस अंडर-19 वनडे ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी

अमृत विचार , लखनऊ : वीमेंस अंडर-19 वनडे ट्रॉफी के एलीट ग्रुप सी के मुकाबलों में शनिवार को झारखंड, हैदराबाद और हिमाचल प्रदेश की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने अभियान की विजयी शुरुआत की। झारखंड ने जम्मू एंड कश्मीर को जहां नौ विकेट से शिकस्त दी, वहीं हैदराबाद ने मुंबई को छह विकेट से पराजित किया। तीसरे मुकाबले में हिमाचल प्रदेश ने चंडीगढ़ को 106 रनों के बड़े अंतर से हराया।

अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम के बी ग्राउंड पर खेले गए मुकाबले में झारखंड ने जम्मू एंड कश्मीर को एकतरफा मुकाबले में नौ विकेट से मात दी। जीसीआरजी ग्राउंड पर हैदराबाद ने मुंबई पर छह विकेट से जीत दर्ज की, जबकि स्पोर्ट्स गैलेक्सी क्रिकेट स्टेडियम में हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की टीम ने चंडीगढ़ को बड़े अंतर से हराया। हिमाचल प्रदेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 291 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी चंडीगढ़ की पूरी टीम 185 रनों पर सिमट गई।

जैजमिन गिल की घातक गेंदबाजी से हैदराबाद विजयी

हैदराबाद और मुंबई के बीच मुकाबला भी एकतरफा रहा। पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई की पूरी टीम 94 रन पर सिमट गई। मुंबई की ओर से जिया ने सर्वाधिक 38 रनों की पारी खेली। हैदराबाद की गेंदबाज जैजमिन गिल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 ओवर में पांच मेडन डालते हुए 19 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। जवाब में हैदराबाद ने चार विकेट खोकर 16वें ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया।

एक अन्य मुकाबले में जम्मू एंड कश्मीर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 118 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में झारखंड ने यह लक्ष्य एक विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। झारखंड की ओर से कुमारी पलक ने तीन और भूमिका ने दो महत्वपूर्ण विकेट चटकाए।

विकसित देशों के झूठ ने प्रदेश का चीनी उद्योग बर्बाद किया: प्रो. कमान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विश्व बाजार में चीनी के पीएच मानक पर वैज्ञानिक ने उठाए सवाल
- बीबीएयू शिक्षक प्रो. कमान सिंह ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर बताई चुनौतियां

अमृत विचार: बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग के प्रो. कमान सिंह ने अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में चीनी की खरीद-बिक्री से संबंधित एक गंभीर मुद्दे की ओर ध्यान आकर्षित किया है। प्रो. कमान सिंह लंबे समय से भारतीय चीनी के पीएच वैल्यू वैज्ञानिक गुणवत्ता के हिसाब से सही होने की लड़ाई अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लड़ते रहे हैं। इस लड़ाई में उन्होंने साबित किया है कि भारतीय चीनी वैज्ञानिक कसौटी पर पूरी तरह खरी है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर विकसित देशों द्वारा चीनी खरीद अनुबंधों में लगाए गए पीएच मानक को मनमाना बताया है। इसे भारतीय चीनी उद्योग के हितों के खिलाफ करार दिया है।

वैज्ञानिक ने अपने पत्र में पीएम मोदी की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के रणनीतिक नेतृत्व में भारत ने कोविड-19 टीकाकरण अभियान में 100 करोड़ से अधिक का ऐतिहासिक आंकड़ा हासिल किया, जो पूरी दुनिया के लिए प्रेरणादायक है। साथ ही, जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में भारत द्वारा किए जा रहे प्रयासों को भी वैश्विक स्तर पर सराहा जा रहा है। उन्होंने बताया कि भारत विश्व में कुल 166.18 मिलियन मीट्रिक टन चीनी उत्पादन में लगभग 17 प्रतिशत का योगदान देता है। वैज्ञानिक ने केंद्र सरकार, प्रदेश सरकार और संबंधित सभी हितधारकों से आग्रह किया है कि इस मुद्दे पर समग्रता से विचार किया जाए। ताकि अंतरराष्ट्रीय व्यापार में भारतीय चीनी उद्योग के हितों की रक्षा हो सके और किसानों व उद्योग को अनावश्यक नुकसान से बचाया जा सके।

प्रदेश का चीनी उद्योग सर्वाधिक प्रभावित

- देश का सबसे बड़ा चीनी उत्पादक राज्य उत्तर प्रदेश है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में लागू किए गए मनमाने मानकों का सीधा असर भारतीय चीनी उद्योग खासकर उत्तर प्रदेश के किसानों और निर्यात पर पड़ रहा है। उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक चीनी मिलें हैं। विदेशों में भारतीय चीनी का निर्यात पीएच का झूठ फैलाकर प्रतिबंधित किए जाने के कारण सर्वाधिक उत्तर प्रदेश का किसान प्रभावित है। प्रदेश की ज्यादातर चीनी मिलें बंद करनी पड़ी हैं।

भारत-इंडोनेशिया की खेती पर लविवि का शोध चर्चा में

अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि अर्जित की है। विधि संकाय के प्रो. वरुण छाछर का शोध-पत्र जर्नल ऑफ इंडोनेशियन लीगल स्टडीज़ में प्रकाशित हुआ है। शोध में भारत और इंडोनेशिया की कृषि सुधार नीतियों और संवैधानिक ढांचे का तुलनात्मक अध्ययन किया गया है। जो भूमि सुधार, सामाजिक न्याय, संपत्ति अधिकार, न्यायिक व्याख्या और नीतिगत व्यवस्था जैसे मुद्दों को संवैधानिक परिप्रेक्ष्य से विश्लेषित करता है। प्रो. छाछर ने यह शोध 3 अन्य शोधकर्ताओं के साथ मिलकर किया है जिसमें समीक्षकों ने उल्लेख किया है कि यह शोध वैश्विक दक्षिण की संवैधानिक विमर्शधारा को नई दृष्टि देता है। भूमि सुधार तथा सामाजिक न्याय के मुद्दों को सशक्त रूप से सामने लाता है।

आयोजन | 285 बालक और 120 बालिकाओं सहित कुल 408 कैडेट हुए शामिल

एनसीसी के प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल कैडेट्स। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : 5 यूपी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी द्वारा लखनऊ छावनी स्थित 2 एमटी बटालियन एसएमसी सेंटर में 1 दिसम्बर से शुरू हुआ 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर संपन्न हो गया। शिविर में एनसीसी के 285 बालक एवं 120 बालिकाओं सहित कुल 405 कैडेटों ने हिस्सा लिया।

5 यूपी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी लखनऊ के कमान अधिकारी एवं कैंप कमांडेंट विंग कमांडर प्रवीन तिवारी ने कैंप के सफल समापन के लिए सभी कैडेटों, एनसीसी अधिकारियों, वायुसेना कर्मियों और सिविल स्टाफ के साथ-साथ कैंप के दौरान आए सभी विशिष्ट अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने बताया कि शिविर में कैडेटों को उनके स्तर के अनुरूप विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण, प्रदर्शन और व्याख्यानों की सहायता से जानकारी दी गई। जिसमें यातायात नियम, रक्तदान, सीपीआर, आपदा प्रबंधन, अग्नि सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, करियर परामर्श, यौन उत्पीड़न की रोकथाम, वायु सेना में भर्ती आदि विषय मुख्य रूप से शामिल रहे। शिविर में कैडेटों को विशेष रूप से फायरिंग प्रशिक्षण, फ्लाइंग प्रशिक्षण और बख्शी का तालाब स्थित वायुसेना स्टेशन का दौरा कराया गया।

सिटी डायरी

प्रतियोगिता की तैयारी करती छात्राएं।

खेलकूद प्रतियोगिता में दिखा उत्साह और अनुशासन

अमृत विचार, लखनऊ : नवयुग रेडियन्स सीनियर सेकेंडरी विद्यालय की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता शनिवार को उत्तर रेलवे स्टेडियम चारबाग में आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत मार्च पास्ट से हुई, जिसका नेतृत्व विद्यालय की स्पोर्ट्स कप्तान ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक सुधीर एस. हलवासिया, प्रधानाचार्या बी. सिंह और मुख्य अतिथि एसीपी लखनऊ सौम्या पांडे उपस्थित रहीं। शांति और सद्भावना का प्रतीक रंगीन गुब्बारे और कबूतर उड़ाए गए, जबकि मुख्य अतिथि ने इंटर हाउस मार्च पास्ट की सलामी ली। इसके बाद सर्वश्रेष्ठ एथलीट ने मशाल प्रज्ज्वलित की। खेलकूद प्रतियोगिता की थीम 'हमारा यूनिवर्स' रही। 50 मीटर डैश, शटल रिले, 60 मीटर बाधा दौड़ के साथ जिम्नास्टिक, ताइक्वांडो और योग प्रदर्शन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।

प्रतिभागी युवाओं को प्रदान किए गए प्रमाण पत्र।

युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का समापन

अमृत विचार, लखनऊ : मेरा युवा भारत लखनऊ की ओर से आयोजित अंतर जनपदीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का समापन उत्साह और प्रेरक वातावरण में हुआ। समापन अवसर पर विभिन्न जनपदों से आए प्रतिभागी युवाओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि हैदराबाद की संयुक्त निदेशक कृतिका जायसवाल रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न जनपदों के युवाओं के बीच आपसी समझ, भाईचारा, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, नेतृत्व क्षमता का विकास और राष्ट्र निर्माण की भावना को सुदृढ़ करना था। मुख्य अतिथि कृतिका जायसवाल ने युवाओं को लक्ष्य निर्धारण, अनुशासन और निरंतर परिश्रम का महत्व समझाया।

क्रिकेट लीग का उद्घाटन करते पूर्व गेंदबाज आरपी सिंह।

आरपी सिंह से मिलने को बेताब दिखे नन्हे क्रिकेटर

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मॉन्टेसरी स्कूल (सीएमएस), कानपुर रोड कैम्पस की देखरेख में आयोजित सात दिवसीय अंतरराष्ट्रीय स्कूल क्रिकेट लीग (आईएससीएल-25) का उद्घाटन शनिवार को सीएमएस स्टेडियम में हुआ। उद्घाटन भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज आरपी सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उनकी मौजूदगी से माहौल उत्साहपूर्ण रहा और नन्हे क्रिकेटर उनसे मिलने, ऑटोग्राफ लेने और सेल्फी खिंचवाने को उत्साहित दिखे।

बल्लेबाजी में हाथ आजमाते कुलपति प्रो. अजय तनेजा।

क्रिकेट टीम का गठन

अमृत विचार, लखनऊ : भाषा विवि में पहली बार मिश्रित टेनिस बॉल क्रिकेट (पुरुष) टीम का गठन किया गया है। चयनित खिलाड़ियों में मोहित कुमार, डॉ. मूसी रज़ा, मृणाल झा, मोहम्मद आसिफ, डॉ. मिनहाज हुसैन, शबिह हैदर, राजेन्द्र राव, सुधीर कुमार, ललित कुमार, विवेक शुक्ला, कृष्णा मुकुन्द, रवीकेश मौर्या, शमीम अज़हर, रणवीर सिंह, डॉ. बलराम, यूसुफ हसन, सुमित कुमार, मोहम्मद हुदा, अखिलेश शर्मा, मोहसिन हैदर शामिल है।